# पाठ - 14

# नटखट चूहा

---

## कहानी से

**Q1. दर्ज़ी चूहे की किस बात से डर गया?**

**उत्तर :** चूहे ने दर्ज़ी को कहा कि वह रात को अपनी सेना लेकर आएगा और उसके सारे कपड़े कुतर डालेगा। उसकी यह बात सुनकर दर्ज़ी डर गया।

**Q2. चूहा टोपी क्यों पहनना चाहता था?**

**उत्तर :** चूहा स्वयं को अच्छा दिखाने के लिए टोपी पहनना चाहता था।

**Q3. चूहा टोपी पर सितारे क्यों लगवाना चाहता था?**

**उत्तर :** चूहे की टोपी सिलने के बाद सादी लग रही थी। वह उसे सुंदर बनाना चाहता था इसलिए उसमें सितारे लगवाना चाहता था।

**Q4. दर्ज़ी ने चूहे की टोपी सिलने से क्यों मना कर दिया?**

**उत्तर :** दर्ज़ी को लगा होगा कि एक छोटा-सा चूहा क्या कपड़े पहनेगा इसलिए उसने टोपी सिलने से मना कर दिया।

## पहले क्या हुआ

**Q1. चूहा राजा के दरबार में गया।**

**उत्तर :** चूहा तैयार होकर शहर की तरफ़ निकल पड़ा।

**Q2. दर्ज़ी ने चूहे की टोपी सिल दी।**

**उत्तर :** चूहे को रेशमी कपड़े की कतरन मिली।

**Q3. चूहा दुकानदार के पास सितारे लेने गया।**

**उत्तर :** दर्ज़ी ने चूहे की टोपी सिल दी।

**Q4. चूहे को रेशमी कपड़े की कतरन मिली।**

**उत्तर :** चूहा दुकानदार के पास सितारे लेने गया।

**Q5. चूहा सिंहासन पर बैठ गया।**

**उत्तर :** चूहा राजा के दरबार में गया।

**Q6. चूहा तैयार होकर शहर की तरफ़ निकल पड़ा।**

**उत्तर :** चूहा सिंहासन पर बैठ गया।

## तुम्हारी समझ से

**Q1. बारिश के मौसम में ऐसा क्या होता है जिससे चूहा अपने बिल में से निकल नहीं पाया होगा?**

**उत्तर :** बरसात के कारण सड़कों पर चारों तरफ़ पानी ही पानी भर गया होगा इसलिए चूहा अपने घर से नहीं निकल पाया होगा।

**Q2. क्या तुम्हें भी चूहा नटखट लगा? क्यों?**

**उत्तर :** 'हाँ' चूहा हमें भी नटखट लगा। उसने अपने नटखटपन से राजा, दुकानदार, दर्ज़ी तथा सितारे वाले तक को परेशान कर दिया था।

**Q3. कपड़े वाले ने, दर्ज़ी ने, सितारे वाले ने चूहे की बात पर ध्यान नहीं दिया। तुम्हें इसका क्या कारण लगता है?**

**उत्तर :** कपड़े वाले ने, दर्ज़ी ने तथा सितारे वाले ने चूहे की बात पर ध्यान नहीं दिया क्योंकि वह छोटा सा जीव था। उन्हें लगा होगा कि यह हमारा क्या बिगाड़ लेगा।

## अँगूठे की छाप से चूहा

**Q1. पिछले साल तुमने अँगूठे की छाप से चिड़िया, अनार, गठरी, कठपुतली बनाई थी। अँगूठे की छाप से अपनी पसंद के कुछ और चित्र बनाओ।**

**उत्तर :** स्वयं करे

## किसके पास जाओगे

**Q1. चूहा अपने कामों के लिए बहुत से लोगों के पास गया। इन कामों के लिए तुम किसके पास जाओगे?**

| काम | नाम |
| --- | --- |
| कपड़ा खरीदने | .............................. |
| लकड़ी की कुर्सी बनवाने | .............................. |
| किताब पर जिल्द चढ़वाने | .............................. |
| बाल कटवाने | .............................. |
| मोहल्ले की रखवाली करवाने | .............................. |
| मिट्टी के दीए और सुराही खरीदने | .............................. |
| माँ की घड़ी ठीक करवाने | .............................. |

**उत्तर**
**:**

| काम | नाम |
| --- | --- |
| कपड़ा खरीदने | कपड़े बेचने वाले दुकानदार के पास |
| लकड़ी की कुर्सी बनवाने | बढ़ई के पास |
| किताब पर जिल्द चढ़वाने | पुस्तक विक्रेता के पास |
| बाल कटवाने | नाई के पास |
| मोहल्ले की रखवाली करवाने | चौकीदार के पास |
| मिट्टी के दीए और सुराही खरीदने | कुम्हार के पास |
| माँ की घड़ी ठीक करवाने | घड़ीसाज़ के पास |

## एक अनेक

**Q1. खाली जगह भरो।**

**(i) इस कमरे में दो ................................ हैं। (खिड़की)**

**(ii) बुआ समीना के लिए ढेरों ....................... लाईं। (कॉपी)**

**(iii) .................मैदान में फ़ुटबॉल खेल रही हैं। (लड़की)**

**(iv) गोविंद तेज़ी से ....................... चढ़ रहा था। (सीढ़ी)**

**(v) गंदी जगह पर ..................भिनभिनाती रहती हैं। (मक्खी)**

**उत्तर :** (i) इस कमरे में दो खिड़कियाँ हैं। (खिड़की) (ii) बुआ समीना के लिए ढेरों कॉपियाँ लाईं। (कॉपी) (iii) लड़कियाँ मैदान में फ़ुटबॉल खेल रही हैं। (लड़की) (iv) गोविंद तेज़ी से सीढ़ियाँ चढ़ रहा था। (सीढ़ी) (v) गंदी जगह पर मक्खियाँ भिनभिनाती रहती हैं। (मक्खी)

## तुम्हारी बात

**Q1. तुम बजाज होते तो चूहे को कपड़ा देते या नहीं? क्यों?**

**उत्तर :** स्वयं करे

**Q2. चूहा राजा बनकर देखना चाहता था। तुम्हारे विचार से राजा दिन भर क्या करते होंगे?**

**उत्तर :** स्वयं करे

**Q3. तुम चूहा बनना पसंद करोगे या राजा? क्यों?**

**उत्तर :** स्वयं करे

## कैसे हो काम

**Q1. दर्ज़ी अपने काम में कैंची, फ़ीते, मशीन, धागे आदि का इस्तेमाल करता है। ये लोग किन चीज़ों की मदद से अपना काम करते हैं-**

| | | |
|---|---|---|
| बढ़ई | ...................... | ...................... |
| रसोइया | ...................... | ...................... |
| डॉक्टर | ...................... | ...................... |
| कुम्हार | ...................... | ...................... |
| चित्रकार | ...................... | ...................... |
| किसान | ...................... | ...................... |

**उत्तर :**

| | | |
|---|---|---|
| बढ़ई | आरी | हथौड़ा |
| रसोइया | करछी | चिमटा |
| डॉक्टर | स्टेथोस्कोप | दवाइयाँ |
| कुम्हार | चाक | मिट्टी |
| चित्रकार | रंग | ब्रश |
| किसान | हल | बैल |

## दर्जी का र

**Q1. दर्ज़ी शब्द में र की आवाज़ है जिसे ऊपर (र्) निशान लगाकर लिखा जाता है। ऐसे ही कुछ और शब्द लिखो। ............... ............... ............... ............... ............... ...............**

**उत्तर :** मर्ज़ी सर्दी धर्म घर्र गर्मी कर्म